डेयरी उत्पादों के उत्पादन को छात्रों ने जाना

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सरायपाली. स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के वाणिज्य विभाग द्वारा 10 नवंबर को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। यह भ्रमण प्राचार्य संध्या भोई के मार्गदर्शन, विभागाध्यक्ष प्राची गुप्ता के निर्देशन में हुआ। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को दूध प्रसंस्करण से लेकर संग्रहण, पैकेजिंग और डेयरी उत्पादों के उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराना था।

विभागाध्यक्ष प्राची गुप्ता, सहायक प्राध्यापक गायत्री प्रसाद पटेल और भुवनेश्वर नंद के नेतृत्व में एम कॉम और बी कॉम के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित देवभोग के संयंत्र का अवलोकन किया। यहां विद्यार्थियों को बताया गया कि दूध से अनेक उत्पाद तैयार किए जाते हैं। इनमें सादा कढ़ी, दही, पनीर, मसाला छाछ, लस्सी, श्रीखंड, छेना रबड़ी, पेड़ा, खोवा और घी शामिल हैं। इन सभी उत्पादों के निर्माण में आधुनिक मशीनों और संयंत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जिसकी विस्तृत जानकारी छात्रों को प्रदान की गई। भ्रमण के दौरान देवभोग संयंत्र के मुख्य प्रबंधक और सहायक प्रबंधक शशांक निर्मलकर सहित अन्य कर्मचारियों ने छात्रों को दूध की गुणवत्ता जांच, प्रसंस्करण की चरणबद्ध प्रक्रियाएं,स्वच्छता मानकों, शीत श्रृंखला प्रबंधन और पैकेजिंग तकनीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डेयरी उद्योग में मशीनों के उपयोग ने उत्पादन क्षमता के साथ गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार किया है। विद्यार्थियों ने पूरे भ्रमण के दौरान उत्साहपूर्वक विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया। उन्हें वास्तविक उत्पादन प्रक्रिया को नजदीक से समझने का अवसर मिला, जिससे उनके व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि हुई। कई छात्रों ने डेयरी उद्योग से जुड़े तकनीकी पहलुओं, बाजार व्यवस्था और रोजगार संभावनाओं पर प्रश्न भी पूछे, जिनका अधिकारियों द्वारा तर्कसंगत उत्तर दिया गया। वाणिज्य विभाग के शिक्षकों ने बताया कि इस भ्रमण से विद्यार्थियों में उद्योग जगत को समझने की क्षमता विकसित होती है। उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

छात्रों ने देवभोग का भ्रमण कर दूध उत्पादों की ली जानकारी

शैक्षणिक भ्रमण में उपस्थित कालेज के विद्यार्थी। ● आयोजक

नईदुनिया वि., सरायपाली : राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के वाणिज्य विभाग ने मंगलवार को शैक्षणिक भ्रमण किया।

प्राचार्य डाक्टर संध्या भोई के मार्गदर्शन व वाणिज्य विभाग के विभाग अध्यक्ष प्राची गुप्ता के निर्देशन में भ्रमण का उद्देश्य दूध प्रसंस्करण, दूध संग्रहण, दूध पैकेजिंग, दूध से निर्मित विभिन्न वस्तुएं जैसे- साद, कढी, दही, पनीर, मसाला छाछ, लस्सी, श्रीखंड, छेना रबड़ी, पेड़ा, खोवा, घी ऐसे विभिन्न वस्तुएं मशीन संयंत्रों से निर्मित की जाती है, इन सभी स्वरूप से अवगत कराना था।

विभागाध्यक्ष प्राची गुप्ता, सहायक प्रध्यापक डा. गायत्रीप्रसाद पटेल और भुवनेश्वर नंद के नेतृत्व में एम काम, बी काम वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ दूध से बनी विभिन्न वस्तुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। देवभोग संयंत्र के मुख्य प्रबंधक और सहायक प्रबंधक शशांक निर्मलकर ने दूध से निर्मित वस्तुओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की।

छात्रों ने छग राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित देवभोग का किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने 10 नवंबर को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया। प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभाग के विभाग अध्यक्ष प्राची गुप्ता के निर्देशन में भ्रमण का उद्देश्य दूध प्रसंस्करण, दूध संग्रहण, दूध पैकेजिंग, दूध से निर्मित विभिन्न वस्तुएं जैसे साद, कढी, दही, पनीर, मसाला छाछ, लस्सी, श्रीखंड, छेना रबड़ी, पेड़ा, खोवा, घी ऐसे विभिन्न वस्तुएं मशीन संयंत्रों से निर्मित की जाती है। इन सभी स्वरूप से अवगत कराना था। विभागाध्यक्ष प्राची गुप्ता तथा सहायक प्रध्यापक डॉक्टर गायत्री प्रसाद पटेल और भुवनेश्वर नंद के नेतृत्व में एम कॉम, बी कॉम वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ दूध से बनी विभिन्न वस्तुओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया। देवभोग संयंत्र के मुख्य प्रबंधक और सहायक प्रबंधक शशांक निर्मलकर अधिकारी एवं

कर्मचारियों ने दूध से निर्मित वस्तुओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान कराया गया और विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धक और व्यावहारिक जानकारी प्रदान कर छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक शैक्षणिक भ्रमण किया।

विद्यार्थियों ने सीखी दुग्ध प्रसंस्करण की बारीकियाँ

सरायपाली। स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के वाणिज्य विभाग के द्वारा विगत दिनों विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ संध्या भोई के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभाग के विभाग अध्यक्ष प्राची गुप्ता के निर्देशन में आयोजित इस भ्रमण का उद्‌देश्य दूध प्रसंस्करण, दूध संग्रहण, दूध पैकेजिंग, दूध से निर्मित विभिन्न वस्तुएं जैस दही, पनीर, मसाला छाछ, लस्सी, श्रीखंड, घी आदि ऐसे विभिन्न वस्तुएं, जो मशीन संयंत्रों से निर्मित की जाती है, इन सभी स्वरूप से विद्यार्थियों को अवगत कराना था। विभागाध्यक्ष श्रीमती गुप्ता तथा सहायक प्रध्यापक डॉ गायत्री प्रसाद पटेल और भुवनेश्वर नंद के नेतृत्व में एम कॉम, बी कॉम वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ दूध से बनी विभिन्न वस्तुओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया। देवभोग संयंत्र के मुख्य प्रबंधक और सहायक प्रबंधक शशांक निर्मलकर, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने दूध से निर्मित वस्तुओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।